कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी फिरोजाबाद।

पत्रांक/C-1410/स0क0/दशमो0/छात्र/2019–20/दिनांक 11 अगस्त 2020

सेवा में,

प्राचार्य,
समस्त डिग्री कालेज/टैक्नीकल कालेज /महाविद्यालय
जनपद फिरोजाबाद।

विषयः– वित्तीय वर्ष 2020–2021 में छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत आधार प्रमाणीकरण एवं आधार बेस भुगतान के कम में छात्र/छात्राओं के आधार कार्ड अपडेशन कराए जाने विषयक

कृपया उपरोक्त विषयक निदेशालय पत्र संख्या/सी–1060/स0क0/शिक्षा–अ/ 3/96–2/ 2020–21/दिनांक 31 जुलाई 2020 के कम में अवगत कराना है आपको पूर्व में कईबार संज्ञानित कराया गया है कि मास्टर डाटा अपडेशन की प्रकिया दिनांक 01 जुलाई 2020 से शुरू हो चुकी है, जो दिनांक 31 अगस्त 2020 तक चलेगी तथा छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन की प्रकिया दिनांक 01 जुलाई 2020 से दिनांक 05 नवम्बर 2020 तक चलेगी। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन की प्रकिया में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है, नई प्रकिया के तहत जब छात्र/छात्रा छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन करेंगें तो आधार से लिंकेज मोबाईल पर ओ0टी0पी0 (OTP)आएगा। इस ओ0टी0पी0 (OTP) को छात्र/छात्रा द्वारा अपने आवेदन पत्र में भरना होगा उसके बाद ही छात्र/छात्रा का आवेदन पत्र ऑनलाईन फाइनल सबमिट होगा। इसके लिए पूर्व में कईबार आपको अवगत कराया गया है। प्रकरण की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए पुनः अनुस्मरण कराया जा रहा है कि जिनके पास आधार कार्ड नहीं है वह प्रत्येक दशा में अपना आधार कार्ड बनवा लें, जिन छात्रों के पास आधार कार्ड उपलब्ध है वे आधार नम्बर को अपने मोबाईल नम्बर एवं राष्ट्रीयकृत/निजी/ग्राम बैकों खुले बैक खातों से लिंक/सीड करा लें, छात्र/छात्रा हाईस्कूल अंकपत्र/प्रमाण पत्र में अंकित अपने नाम तथा अपने माता–पिता/पति के नाम के अनुरूप ही आधार कार्ड में भी अपना व माता–पिता का नाम अपडेट करा लें, आधार कार्ड में जन्म तिथि का संशोधन भी छात्र/छात्रा हाई–स्कूल अंकपत्र/प्रमाण के अनुसार अनिवार्य रूप से करा लें, आधार कार्ड में यदि लिंग(जेण्डर) गलत है तो उसको भी तत्काल शुद्ध करा लेना चाहिए। आधार कार्ड में वही मोबाईल नम्बर होना अनिवार्य है जो मोबाईल नम्बर छात्रवृत्ति ऑनलाईन करते समय छात्र/छात्रा द्वारा आवेदन पत्र में भरा जाएगा। जिन छात्र/छात्राओं के आधार में मोबाईल लिंक नही हो वह इसको तत्काल लिंक करा लें।

निदेशालय पत्र संख्या/सी–1060/स0क0/शिक्षा–अ/ 3/96–2/ 2020–21/दिनांक 31 जुलाई 2020 के कम में आधार की बेवसाइट **http://appointments.uidai.gov.in/EACenter.aspx** पर जनपद फिरोजाबाद के निम्न एक्टिव आधार केन्द्र प्रदर्शित हो रहे है। जिन छात्र/छात्राओं के आधार कार्ड अपडेटिड नहीं है वह तत्काल अपना आधार कार्ड अपडेट कराना सुनिश्चित करें। यदि व्यक्ति को कोई कठिनाई आए तो लिखित रूप से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को तत्काल सूचित करें।

1–डाकघर लेवर कालोनी फिरोजाबाद।
2–डाकघर टूण्डला
3–डाकघर कोटला चुगीं देवी मन्दिर के पास फिरोजाबाद।
4–डाकघर सिरसागंज।
5–डाकघर फरिहा रोड जसराना।
6–डाकघर शिकोहाबाद।
7–आई0सी0आई0सी0आई0बैक स्टेशन रोड फिरोजाबाद।
8–डाकघर गढी छत्रपति फिरोजाबाद।
9–बी0आर0सी0जसराना थाना जसराना के पास।
10–बी0आर0सी0 खैगरढ शेखुपुर हाथवन्त।
11–स्कूल एजूकेशन & स्पोर्टस यू0पी0 भारौल विकास खण्ड अरॉव।
12–सिण्डीकेट बैक शिवम काम्पलैक्श कोटला रोड फिरोजाबाद।
13–ओरियन्टल बैक ऑफ कॉमर्स आगरा गेट फिरोजाबाद। (मर्ज्ड इन पंजाब नेशनल बैक)

डा0(प्रज्ञा शंकर)
जिला समाज कल्याण अधिकारी
फिरोजाबाद।

पृष्ठाकंन संख्या/ /तद्दिनांक
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ/अवलोकनार्थ प्रेषित है।
1–निदेशक समाज कल्याण उ0प्र0लखनऊ।
2–मुख्य विकास अधिकारी फिरोजाबाद।
3–उपनिदेशक समाज कल्याण आगरा मण्डल।

जिला समाज कल्याण अधिकारी
फिरोजाबाद।

छात्रवृत्ति फार्म हेतु महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश

1. **सभी छात्रों के पास आधार कार्ड उपलब्ध होना आवश्यक है**, जिन छात्रों के पास आधार कार्ड नहीं है उन्हें प्रत्येक दशा में आधार कार्ड बनवा लेना चाहिए, उसके पश्चात् ही प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले पायेगें।
2. जिन छात्रों के पास आधार कार्ड उपलब्ध है वे **आधार नम्बर को अपने मोबईल नम्बर एवं राष्ट्रीयकृत/निजी/ग्रामीण बैंको में खुले बैक खातों से लिंक/सीड करा लें।**
3. हाईस्कूल अंकपत्र/प्रमाण पत्र में अकिंत **अपना नाम तथा अपने माता–पिता/पति के नाम के अनुरूप ही आधार कार्ड** में अपना व माता–पिता का नाम **अपडेट** करा लेना चाहिए।
4. हाईस्कूल अंकपत्र/प्रमाण पत्र में अकिंत **जन्म तिथि को आधार कार्ड में अपडेट** करा लेना चाहिए।
5. आधार कार्ड में यदि लिंग (जेण्डर) गलत है तो उसको शुद्ध करा लेना चाहिए।
6. आधार कार्ड में वही मोबाईल नम्बर होना अनिवार्य है जो मोबाईल नम्बर छात्रवृत्ति ऑनलाइन करते समय छात्र/छात्रा द्वारा आवेदन पत्र में भरा जाएगा। **जिन छात्र/छात्राओं के आधार में मोबाईल नम्बर लिंक नहीं हो वह इसको तत्काल लिंक करा लें अन्यथा वे छात्रवृत्ति फार्म नहीं भर पायेगें।**
7. छात्र/छात्राओं द्वारा भरे गए **आधार नम्बर, छात्र का नाम, पिता का नाम व लिंग तथा जन्म तिथि का सत्यापन होने के पश्चात आधार नम्बर से लिंक मोबाईल नम्बर पर OTP** को आवेदन पत्र में भरने के उपरान्त ही आवेदन पत्र सब्मिट किया जा सकेगा।
8. छात्र द्वारा अपने बैंक खाते की KYC निश्चित रूप से करवा लेना चाहिये तथा बैंक खाते का संचालन नियमित रूप से करते रहना चाहिये। **याद रहे छात्रवृत्ति फार्म में Joint Account का प्रावधान नहीं है कृपया छात्र/छात्रा अपना ही बैंक खाता लगाये ना कि परिवार के अन्य सदस्य के साथ खुलवाया हुआ Joint खाता। छात्रवृत्ति फार्म के साथ बैंक पासबुक/बैंक स्टेटमेंन्ट (जो कि पठनीय हो) की छायाप्रति अवश्य संलग्न करें।**